अध्याय
चौदह

विराम-चिह्न

Punctuation

विराम शब्द का अर्थ है- रुकना या ठहरना। जब हम अपनी बात कहते हैं तो उसमें कई बार रुकते हैं त
कभी-कभी किसी बात पर बल देते हैं। इस प्रकार हम अपने विचारों या भावों को दूसरों के आगे अधि
बेहतर रूप से स्पष्ट कर सकते हैं।

लिखित भाषा में हम अपने विचारों या भावों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने के लिए संकेत-चिह्नों का प्रयो
करते हैं। ये संकेत-चिह्न ही विराम-चिह्न कहलाते हैं।

> वाक्य बोलते समय या लिखते समय विराम को प्रकट करने वाले चिह्नों को **विराम-चिह्न** कहते हैं।

कुछ प्रमुख विराम-चिह्न

1. **पूर्ण विराम (।) -** पूर्ण विराम वाक्य के अंत या समाप्ति पर लगाया जाता है। **जैसे-** माँ गाना गा रही हैं। यह मेरी कार है। आदि।

2. **अल्प विराम (,) -** बोलते या पढ़ते समय जब हम थोड़ा रुकते हैं तो अल्प विराम का प्रयोग करते हैं। एक ही प्रकार के दो या दो से अधिक शब्दों के बीच भी अल्प विराम का प्रयोग किया जाता है। जैसे-
   - मानसी, तपस्या, भक्ति और श्रद्धा ने नृत्य में भाग लिया।
   - उसे राजमा, छोले, पनीर और चावल बहुत पसंद हैं।

3. **अर्ध विराम (;) -** जहाँ अल्प विराम की अपेक्षा कुछ अधिक देर के लिए रुकना पड़े, वहाँ अ
विराम का प्रयोग किया जाता है। **जैसे-**
   - सवेरा हुआ; पक्षी चहचहाने लगे।

4. **प्रश्नवाचक चिह्न (?) -** जिन वाक्यों में प्रश्न पूछा जाता है, उनके अंत में प्रश्नवाचक चिह्न लगा
है। **जैसे-**
   - तुम स्कूल कब जाओगे?
   - बाहर कौन खड़ा है?

5. **विस्मयादिबोधक चिह्न (!) -** खुशी, दुख, विस्मय, हर्ष, शोक आदि भावों को प्रकट करने के लि
विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग करते हैं। **जैसे-**
   - वाह! हम मैच जीत गए।

कोष्ठक (( )) - किसी शब्द के अर्थ को स्पष्ट करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। जैसे - उच्चारण (बोलना) जीभ और कंठ से होता है।

योजक (-) - इसका प्रयोग दो शब्दों में संबंध प्रकट करने के लिए और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। **जैसे-**

- दिन-रात
- माता-पिता
- पति-पत्नी आदि।

अभ्यास-कार्य

बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

सही विकल्प पर (✔) का चिह्न लगाइए-

(क) इनमें से प्रश्नवाचक चिह्न है-

? ○   । ○   ! ○

(ख) इनमें से कौन-सा अर्धविराम है?

, ○   ( ) ○   ; ○

(ग) इनमें से कौन-सा विस्मयादिबोधक चिह्न है?

! ○   - ○   ? ○

(घ) इनमें से कौन-सा पूर्ण विराम चिह्न है?

, ○   । ○   ! ○

नीचे दिए विराम-चिह्नों के सामने इनके नाम लिखिए-

(क) (?) ____________   (ख) (!) ____________

(ग) (;) ____________   (घ) (,) ____________

(ङ) (।) ____________   (च) (-) ____________

मौखिक प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) पूर्ण विराम चिह्न किसे कहते हैं?

(ख) अल्प विराम और अर्धविराम में क्या अंतर है?